**मौसम**

पूर्वानुमान: नगर में आसमान साफ रहने की संभावना।
तापमान: ▲ 38.1 डिग्री, ▼ 28.4 डिग्री
सूर्योदय: 05:51 सूर्यास्त: 07:03



# खफा भाजपा नेताओं को मनाने लुधियाना पहुंचे अश्विनी शर्मा

## घर आए पार्टी प्रधान से मिल नाराज नेता कमल चैतले ने कहा, मुझे सोचने का वक्त चाहिए

लुधियाना, 17 अगस्त (जनसत्ता)।

पंजाब के भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री अनिल जोशी के जल्दी ही बिना शर्त शिअद में शामिल होने की घोषणा के बाद पंजाब भाजपा अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने नाराज पार्टी नेताओं को मनाने की कवायद शुरू कर दी है। इसी के तहत वह आज लुधियाना पहुंच भाजपा नेता कमल चैतले के घर चले गए। वहीं पर कुछ और नाराज भाजपाई भी पहुंच गए। हालांकि उसके तुरंत बाद शर्मा ने पत्रकारों को दिए बयान में कहा कि वह चैतले के घर यूं ही चाय पीने गए थे। लेकिन चैतले ने मुखर होकर पत्रकारों से कहा 'हां, भाजपा अध्यक्ष मेरे घर आए थे, मैंने पूरा जीवन इस पार्टी में बिताया है, मेरे पिता जी भी इसी पार्टी में थे। इसीलिए जो भी मेरे घर आता है मैं उनका सम्मान करता हूं। लेकिन मैंने प्रधानजी (अश्विनी शर्मा) को कह दिया है कि मुझे सोचने के लिए कुछ वक्त दो।'

गौरतलब है कि भाजपा की कार्यकारी कमेटी के सदस्य चैतले के इसी हफ्ते शिअद में शामिल होने की संभावना है। उनके साथ कुछ और नाराज भाजपा नेता हैं, जिनमें पूर्व मंत्री अनिल जोशी भी शामिल हैं, उनके भी शिअद में जाने की संभावना है। पत्रकारों से बातचीत में चैतले ने किसी और पार्टी में जाने की चर्चाओं से इनकार भी नहीं किया। उन्होंने कहा, 'इस बातचीत के दौरान मुझे मेरा फैसला बदलने को कहा गया है, और मैंने कहा कि मुझे सोचने के लिए वक्त चाहिए। इसलिए पिछले एक साल से पंजाब भाजपा नेतृत्व बहुत लापरवाही से काम कर रहा है। उन्होंने किसान आंदोलन का भी सही आकंलन नहीं किया न ही उनकी ठीक से सुनवाई की। अगर उन्होंने किसानों को ठीक से बातचीत की होती तो यह आंदोलन पंजाब की सीमाओं के बाहर नहीं जाता।'

इस बैठक में चैतले के अलावा लुधियाना नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर आरडी शर्मा, युवा मोर्चा नेता सिमर सिंह, पूर्व भाजपा पार्षद राजेश शर्मा भी शामिल हुए। आरडी शर्मा को तो पार्टी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था क्योंकि उन्होंने अपने लुधियाना दौरे के दौरान अनिल जोशी के लिए कई बैठकों का प्रबंध किया था। इसके बाद जोशी को तो पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था और शर्मा को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए नोटिस जारी किया गया था।

बठिंडा के भाजपा ने मोहित गुप्ता को भी जोशी और किसानों के समर्थन में बोलने पर पिछले हफ्ते ही कारण बताओ नोटिस थमा दिया गया था। जनसत्ता से बातचीत में गुप्ता ने कहा, मैंने पार्टी छोड़ने और शिअद में शामिल होने का मन बना लिया है। पंजाब के बहुत से नेता इस हफ्ते भाजपा छोड़ेंगे। यह तो होना ही था क्योंकि पार्टी अपने पुराने कार्यकर्त्ताओं को कोई तरजीह नहीं दे रही।

इस संबंध में अनिल जोशी ने कहा,'हां, मैनें शिअद में शामिल होने का फैसला कर लिया है। हालांकि इसकी तारीख अभी तय नहीं की है। कुछ और लोग भी मेरे साथ शिअद में शामिल होंगे। इसी बीच शिअद प्रवक्ता दलजीत सिंह चीमा ने जनसत्ता को बताया, 'फिलहाल मैं कुछ नहीं कह सकता कि कौन-कौन शिअद में शामिल हो रहा है। जो नेता शिअद में आने वाले हैं, वही बेहतर बता सकते हैं।

# पंजाब में कोरोना से एक दिन में एक की मौत, 37 नए मरीज

चंडीगढ़, 17 अगस्त (जनसत्ता)।

पंजाब में कोरोना संक्रमण के दूसरे दौर के बाद संक्रमितों की संख्या में लगातार गिरावट जारी है। इसके साथ ही प्रदेश में कोरोना संक्रमण से होने वाली मौतों की संख्या भी कम होती जा रही है जो अच्छी बात है। आज, मंगलवार को प्रदेश में कोरोना से एक मरीज की मौत हो गई जबकि 37 नए मरीज पाए गए।



स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक बीते चौबीस घंटों में प्रदेश के तरनतारन में एक मरीज की मौत हुई है जबकि फरीदकोट में 5 संक्रमण के नए मामले पाए गए हैं। अमृतसर-लुधियाना-पटियाला में 4-4, होशियारपुर-संगरूर-मोहाली-तरनतारन में 3-3, बठिंडा और पठानकोट में 2-2, फाजिल्का, फतेहगढ़ साहिब, मानसा, मुक्तसर में 1-1 मामला सामने आया है। जबकि बरनाला, फिरोजपुर, गुरदासपुर, जलंधर, मोगा, रोपड़ और एसबीएस नगर में कोई भी मामला सामने नहीं आया।

पंजाब में आज 49 मरीज ठीक भी हुए हैं जबकि अब तक 16,345 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रदेश में अब 543 मामले सक्रिय बचे हैं।

### हरियाणा में एक की मौत, 15 नए संक्रमित

**पंचकूला:** हरियाणा में आज मंगलवार को कोरोना से एक मरीज की मौत हो गई जबकि 15 नए मामले सामने आए हैं। अब तक प्रदेश में 9661 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 660 मामले सक्रिय बचे हैं।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में एक मरीज की मौत हुई है। जबकि सबसे अधिक मामले गुरुग्राम से सामने आए हैं। प्रदेश में 1,40,84,737 लोगो को कोरोना का टीका लगाया जा चुका है और रिकवरी रेट बढ़ कर 98 .66 प्रतिशत है।

### चंडीगढ़ में तीन संक्रमितों की पुष्टि

**चंडीगढ़:** चंडीगढ़ शहर में मंगलवार को 3 नए संक्रमित मरीज की पुष्टि हुई है। दूसरी तरफ 5 मरीज स्वस्थ हुए हैं। वहीं लगातार 16वें दिन शहर में संक्रमण से किसी की मौत नहीं हुई है। चंडीगढ़ में कोरोना के अब सक्रिय मामले बढ़कर 42 पर पहुंच गए हैं। वही आज 5 संक्रमित मरीजों ने कोरोना को मात देकर घर वापसी की है। शहर में अब तक 61,182 संक्रमित मरीजों ने कोरोना को मात देकर स्वस्थ हुए हैं।

# हरियाणा में नेतृत्व परिवर्तन की आहट!

चंडीगढ़, 17 अगस्त (जनसत्ता)।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की हालिया टिप्पणी से प्रदेश में बदलाव की चर्चाए चल पड़ी हैं। खट्टर ने नवनिर्वाचित केंद्रीय केबिनेट मंत्री भूपिंदर यादव के बारे में कहा था कि यादव हरियाणा में वरिष्ठ भाजपा नेताओं से कमान ले सकते हैं। इसके बाद से ही प्रदेश में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। 67 वर्षीय खट्टर ने यह टिप्पणी केंद्रीय मंत्री भूपिंदर यादव की 'जन आशीर्वाद यात्रा' में की थी। यादव गुड़गाव जिले के एक गांव के रहने वाले हैं।

खट्टर ने कहा था, 'अब 60-70 साल के आयुवर्ग के नेता अहम पदों पर ज्यादा समय तक नहीं रह सकेंगे। अब तो यादव जैसे युवा नेताओं को मोर्चे पर आना चाहिए।'

भूपिंदर यादव को राज्य में कोई अहम पद देने के संकेत देते हुए खट्टर ने कहा था, 'आखिर 60-70 आयु वर्ग के लोग कब तक इन पदों पर बैठे रहेंगें। आप युवा हैं, सिर्फ 52 वर्ष के हैं तो आप लंबे समय तक पद संभाल सकते हैं।'

यादव ने बीते सोमवार को ही अपनी जन आशीर्वाद यात्रा शुरू की थी। उन्होंने यह यात्रा अपने पैतृक गांव से ही शुरू की थी और इस दौरान वह हरियाणा, राजस्थान के छह संसदीय क्षेत्रों का दौरा करेंगे।

यादव की यात्रा में दक्षिण हरियाणा के काफी क्षेत्र आ जाएगा और इससे केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह नाराज हो गए हैं। दक्षिण हरियाणा में कद्दावर नेता इंद्रजीत सिंह यादव की यात्रा और जनसभाओं में गायब रहे। इससे अफवाहों को बल मिल गया है।

हरियाणा में अपनी जनसभाओं में भी यादव ने कहा कि हरियाणा उनकी जन्मभूमि है और जब भी वह राजस्थान जाएंगे तो अपनी जन्मभूमि को पार करके जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह हरियाणा के लोगों से राज्य में भाजपा मजबूत करने का आग्रह करेंगे।

एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने जनसत्ता से बातचीत में कहा, 'हालांकि जन आशीर्वाद यात्राओं में नए केबिनेट मंत्रियों को ही लिया जा रहा है। लेकिन भूपिंदर यादव जैसे एक केबिनेट मंत्री के राव इंदरजीत सिंह जैसे कद्दावर नेता के हलके में आना कई सवाल तो खड़े करता ही है। पार्टी के अंदर ही हम लगातार यह सुन रहे हैं पिछले काफी समय से हरियाणा पर काफी मंथन हो रहा है। पार्टी और संघ के स्तर पर कई अंदरुनी बैठकें भी हुई हैं। अब इसके बाद उपर से मुख्यमंत्री ने ऐसा बयान दे दिया है जोकि इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि राज्य के बारे में कोई बढ़ा फैसला किया जा रहा है। वैसे भी मुख्यमंत्रियों के दिल्ली दौरे भी बढ़ गए हैं।

# चंडीगढ़ में सभी रेस्तरां, बार 50 फीसद क्षमता के साथ रात 12 बजे तक खुल सकेंगे

चंडीगढ़, 17 अगस्त (जनसत्ता)।

कोरोना संक्रमण के मद्देनजर मंगलवार को चंडीगढ़ के प्रशासक वीपी सिंह बदनोर की अध्यक्षता में वार रूम में हुई बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद शहर वासियों को और राहत दी गई है। बैठक में रात का कर्फ्यू पूरी तरह से वापिस ले लिया गया है।

इसके अलावा शहर के सभी रेस्तरा, बार 50 फीसद क्षमता के साथ सुबह 8 बजे से रात 12 बजे तक खुले रह सकेंगे। इसके साथ ही बुधवार और शुक्रवार को छोड़कर सभी कार्य दिवसों पर दोपहर 12 बजे से एक बजे तक सरकारी कार्यालयों में लोग अपने काम के सिलसिले में जा सकेंगे। शहर में आने के लिए आगंतुकों को कम से कम कोरोनारोधी टीके की पहली खुराक या फिर पिछले 72 घंटों की सकारात्मक आरटी-पीसीआर रिपोर्ट होनी चाहिए। खेल विभाग की हॉकी, फुटबॉल और क्रिकेट अकादमियों को सभी कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए और इस शर्त के अधीन काम करने की अनुमति है कि सभी पात्र खिलाड़ियों को कम से कम पहली खुराक का टीका लगाया जाना चाहिए।

# सरकार के खिलाफ भड़के पालिका कर्मियों ने प्रदेश भर में दिया धरना

चंडीगढ़, 17 अगस्त (जनसत्ता)।

हरियाणा सरकार की वादा खिलाफी, हठधर्मिता से नाराज पालिकाओं, परिषदों एवं नगर निगमों के हजारों कर्मचारियों ने आज हाथों में काले झंडे लेकर प्रदेश के सभी 90 शहरों के मुख्य मार्गों पर रोष प्रदर्शन किया। अब यह कर्मचारी 24 व 25 अगस्त को अपनी-अपनी पालिकाओं, परिषदों और निगमों के समक्ष 12-12 घंटे की क्रमिक भूख हड़ताल करेंगे और इसके बाद 27 अगस्त को सामूहिक अवकाश लेकर एक दिवसीय हड़ताल पर चले जायेंगे।

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के अध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय मंत्री अनिल विज ने 25 अप्रैल तथा 17 अगस्त 2020 को दो दौर की वार्ताओं में कोरोना से मौत होने पर मृतक कर्मचारी के आश्रितों को 50 लाख रुपए आर्थिक सहायता राशि व नियमित नौकरी देने, 4 हजार रुपये जोखिम भत्ता देने, सफाई कर्मचारी, सीवर मैन, 1366 फायरमैन ओवर ड्राइवरों को 2268 फायर ऑपरेटर के पदों पर समायोजित करने सहित अन्य दर्जनों मांगों पर सहमति प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री के समक्ष कर्मचारियों का वकील बनकर पैरवी करने का विश्वास दिलाया था।

शास्त्री ने कहा कि संघ ने सरकार को 29 जुलाई को मांग पत्र प्रेषित कर मांगों का समाधान करने का भी अनुरोध किया है। लेकिन सरकार बातचीत ना करके हठधर्मिता पर अड़ी है। इसलिए निकाय कर्मचारियों को कोविड महामारी के चलते आन्दोलन करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है।

### पेपर लीक प्रकरण की आयोग से करवाएं जांच:अभय

**चंडीगढ़:** हरियाणा में लागातार बढ़ रही बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित की गई भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर मंगलवार को इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के एक ग्यारह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को जनहित से जुड़े मुद्दों पर एक ज्ञापन सौंपा जिसमें पिछले छह सालों में हुए सभी पेपर लीक मामलों की कमीशन ऑफ इंक्वायरी एक्ट,1952 के तहत आयोग बनाकर जांच करवाने की मांग की गई।

## इतिहास से छेड़छाड़ पर भड़की क्षत्रीय महासभा

चंडीगढ़, 17 अगस्त (झनसत्ता)।

हरियाणा के यमुनानगर जिले में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा क्षत्रीय समाज के राजा मिहिर भोज का नाम बदले जाने का क्षत्रीय समाज के लोगों ने विरोध जताया है। अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहिंदर सिंह तंवर और राष्ट्रीय कार्यकारी युवा अध्यक्ष शांतनु सिंह चौहान ने मंगलवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि राजा मिहिर भोज के नाम को बदलने के कोशिश और उनके नाम के आगे गुर्जर लिखना, न सिर्फ राजपूतों के इतिहास के साथ छेड़छाड़ है, बल्कि कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा शांति भंग करने की शरारत है। इसके बावजूद सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

शांतनु चौहान ने कहा कि पूर्वजों व राजपूतों के गौरवशाली इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा जाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए हस्तक्षेप करने की मांग की।

**बिक्री सूचना**

**(ई-नीलामी की तिथि का विस्तार)**

**नवरन एडवान्स्ड नैनोप्रोडक्ट्स डेवलपमेंट इंटरनेशनल प्रा. लि. (परिसमापन में)**

**परिसमापक: श्री मोहित चावला**

**परिसमापक का पता: एससीओ 2935-36, सेक्टर 22-सी, चंडीगढ़-160022**

दिवाला और शोधन अक्षमता कोड, 2016 और उसके अधीन बनाए गए विनियमों के अंतर्गत परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए 30.07.2021 को प्रकाशित बिक्री सूचना में, ई- नीलामी की तिथि 20.08.2021 के तौर पर वर्णित थी जिसे अब **सोमवार, 20.09.2021 को अपराह्न 12.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक (5 मिनट प्रति के असीमित विस्तार के साथ)** पुनः अधिसूचित किया है। तदनुसार दस्तावेजों और ईएमडी प्रस्तुत करने की तिथि जो 18.08.2021 थी उसे अब **17.09.2021** के रूप में संशोधित किया है। बिक्री सूचना दिनांक 30.07.2021 में वर्णित अनुसार परिसंपत्तियों का विवरण और सभी अन्य निबंधन एवं शर्तें और ई नीलामी प्रक्रिया जानकारी दस्तावेज अपरिवर्तनीय रहेंगें। ई-नीलामी का पूर्ण विवरण **http://embeeip.com** पर उपलब्ध है।

हस्ता./-
**मोहित चावला, परिसमापक,**
**तिथि:** 18.08.2021 **नवरन एडवान्स्ड नैनोप्रोडक्ट्स डेवलपमेंट इंटरनेशनल प्राईवेट लिमिटेड**
**स्थान: चंडीगढ़** IBBI Regd. No. IBBI/IPA-001/IP-P00524/2017-2018/10949
**ई-मेल आइडी:** ipservices@embeegroup.in, ip.navran@gmail.com
मोबाईल: +91 9888003303, 9888842966, 8146460002

# हर बच्चे को स्कूली शिक्षा के प्रशासन के दावे हुए हवा

## चंडीगढ़ में दो माह से चार गरीब बच्चों के दाखिले के लिए कोशिश कर रही समाजसेवी को हर स्कूल से मिला इनकार

चंडीगढ़, 17 अगस्त (जनसत्ता)।

चंडीगढ़ प्रशासन के शहर के सरकारी स्कूलों में हर बच्चे को मुफ्त शिक्षा के लंबे-चौड़े वादों के बावजूद बहुत से बच्चों को स्कूलों में दाखिला लेना एक बड़ी चुनौती बनी है। सेक्टर-16 निवासी समाजसेवी वंदनी शर्मा पिछले डेढ़ महीने से चार गरीब बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलाने के लिए हर प्रयास कर चुकी है। लेकिन अभी तक उसे कोई कामयाबी नहीं मिली है।

ये चारों बच्चे इसी सेक्टर में काम करने वाली एक घरेलू नौकरानी है, और यह सभी उसी कोठी में रहते हैं जहां उनकी मां काम करती है। ये चारों बच्चे पांच से 10 साल की आयुवर्ग के हैं। उत्तर प्रदेश से आए इस परिवार के बच्चों में समर (5), मानवी (7), जानवी (9) और सिमरन (10) शामिल हैं। यह बच्चे आज तक किसी भी स्कूल में नहीं गए हैं।

वंदनी शर्मा ने कहा, 'मैंने और मेरी सहेलियों ने सेक्टर-16 के पार्क में इधर-उधर घूमते देखा है मैं खुद भी एक सरकारी स्कूल में स्वयं सेवी शिक्षक के तौर पर कार्यरत हूं। इसीलिए मैंने और मेरी सहेलियों ने इन चारों बच्चों को नजदीकी सरकारी स्कूलों में दाखिल करवाने का प्रयास किया। मुझे विश्वास था कि इन बच्चों को नजदीकी स्कूलों में दाखिला मिल जाएगा। लेकिन मुझे उस समय बहुत धक्का लगा जब चार सरकारी स्कूलों में इन बच्चों को दाखिल करवाने का आग्रह अस्वीकार कर दिया। उनका कहना था कि उनके यहां स्कूल में सीट ही नहीं है। मैंने सेक्टर-16 के गवर्नमेंट माडल जूनियर स्कूल, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-26 के गवर्नमेंट माडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल और सेक्टर-23 के लड़कियों के गवर्नमेंट माडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इन बच्चों को दाखिले के लिए आवेदन किया था। मैं जुलाई से ही इस के लिए भागदोड़ कर रही हूं लेकिन अभी तक कोई दाखिला नहीं हुआ है।'

डीपीआइ (स्कूल) रूबिंदरजीत सिंह बराड़ ने इस संबंध में कहा, 'मैं इस मामले की जांच करूंगा, हो सकता है इन बच्चों के दाखिले में आवासीय सबूत का अभास आडे आ रहा हो, लेकिन हम इन बच्चों को दाखिल कर लेंगे। चंडीगढ़ में किसी भी बच्चे को शिक्षा के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता।'

बच्चे की शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत समाजसेवी प्रमोद शर्मा ने कहा, 'चंडीगढ़ शिक्षा विभाग शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत किसी बच्चे को दाखिले से इंकार नहीं कर सकता। यहां जो भी बच्चा आएगा, विभाग को उसे दाखिला देना ही पड़ेगा।'

**भारतीय नौवहन निगम लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)

SCI
Navratna Company
(ISO 9001:2015, ISO 14001 :2015 & ISO 45001:2018 Certified)

टी एंड ओएस डिवीजन, 5वीं मंजिल, शिपिंग हाउस, मैडम कामा रोड, मुंबई - 400021 (मुंबई) • दूरभाष: 91-22-22772182
• फैक्स: 91-22-22854790 • ईमेल:dirtos.sect@sci.co.in
• वेबसाइट: www.shipindia.com • ट्विटर: @shippingcorp
• सीआईएन नंबर : L63030MH1950GOI008033

**निविदा सूचना - रीसेल/सेकंडहैंड ओएसवी जहाज का अधिग्रहण**

शिपिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एससीआई) को 10 साल तक पुराने एक रीसेल / सेकंडहैंड ओएसवी जहाज अधिग्रहित करने में रूचि है. बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट **www.shipindia.com या www.eprocure.gov.in** पर विजिट करें.
भाग लेने वाले बोलीदाताओं को अपने जहाज ऑफर उपर्युक्त पते पर निदेशक (टी ऐंड ओ एस) को **दिनांक 07 सितंबर, 2021 को 1700 बजे** (आईएसटी) तक प्रस्तुत करना होगा.

**कार्गो मंजिल तक पहुँचाए. जीवन को राह दिखाए**

**HIRA AUTOMOBILES LIMITED**

**Regd. Office : # 598, Sector 18-B, Chandigarh** | CIN:- L50101CH1989PLC009500
Tel:0172-2743462 | Email : hiraaccounts@gmail.com | www.hiraautomobiles.com

**Extract of Statement of Un-Audited Standalone Financial Results for the quarter ended 30th June, 2021** (Rs. In Lakhs)

| Particulars | Quarter ended 30.06.2021 Un-Audited | Quarter ended 31.03.2021 Audited | Quarter ended 30.06.2020 Un-Audited | Year ended 31.03.2021 Audited |
|---|---|---|---|---|
| • Total Income from Operations | 3861.54 | 7304.61 | 1538.17 | 20443.91 |
| • Net Profit/(Loss) from tax, exceptional and extraordinary items | -59.64 | 93.76 | -125.04 | 35.55 |
| • Net Profit/(Loss) for the period before tax after exceptional and extraordinary items | -59.64 | 93.37 | -125.04 | 35.16 |
| • Net profit after tax from ordinary activities | -59.64 | 87.00 | -125.04 | 28.79 |
| • Total comprehensive income | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| • Equity Share Capital | 275.34 | 275.34 | 275.34 | 275.34 |
| • Other equity | 826.77 | 886.41 | 748.27 | 886.41 |
| • Earnings Per Share (before and after extraordinary items)(of Rs 10/-each) | | | | |
| Basic: | -2.17 | 3.16 | -4.54 | 1.05 |
| Diluted: | -2.17 | 3.16 | -4.54 | 1.05 |

**Note:** The above is an extract of the detailed format of un-audited standalone financial results for the quarter ended 30th June, 2021 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of above Results is available on the websites of Company and BSE Limited at www.hiraautomobiles.com and www. bseindia.com.

**For Hira Automobiles Ltd.**
Rahulinder Singh Sidhu
**Managing Director**
DIN-00447452

**Place : Chandigarh**
**Date : 14-08-2021**

